Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 29-04-2002
Participants : Rawat Prof. Rasa Singh

Title: Need to provide halt of Ashram Express at Kishangarh and Beawar Railway Stations, Rajasthan.

प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) : महोदय, अजमेर से 29 किलोमीटर पहले किशनगढ़ नामक एक महत्वपूर्ण औद्योगिक नगरी है जो मार्बल व्यवसाय एवं पावरलूम का महत्वपूर्ण केन्द्र है और जहां देश के विभिन्न भागों से हजारों व्यवसायी मार्बल खरीदने के लिए आते हैं। यहां कृाि उपज की भी प्रसिद्ध मंडी है। किशनगढ़ एवं मदनगंज को मिलाकर एक लाख आबादी है।

दिल्ली-अहमदाबाद ब्राडगेज लाइन पर बांदीकुई और दौसा में 25 किलोमीटर की दूरी है और वहां दोनों रेलवे स्टेशनों पर इस गाड़ी (आश्रम एक्सप्रेस) का दो-दो मिनट का ठहराव है परंतु किशनगढ़ स्टेशन पर इस गाड़ी का ठहराव नहीं है।

अतः भारत सरकार से विशो आग्रहपूर्वक अनुरोध है कि किशनगढ़ रेलवे स्टेशन पर 2915 / 2916 सुपरफास्ट " आश्रम एक्सप्रेस" का दो मिनट का ठहराव निश्चित किया जाए जिससे आने जाने वाले यात्रियों को सुविधा हो सके। इस ठहराव से रेलवे की आय भी बढ़ेगी और जनता को राहत भी मिलेगी।